दैनिक आज 18/11/2026



गाय को गुड़ खिलाते कुलपति व अन्य।

गोबर के उचित प्रबंधन को गौ काष्ट वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का शुभारंभ

कानपुर, 17 नवम्बर। सीएसए के पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग की दुग्धशाला में गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता और विभागीय अधिकारियों ने विधि-विधान से गौपूजन कियाष। कुलपति ने गायों को तिलक लगाकर उनकी पूजा-अर्चना की। साथ ही गायों को हरा चारा एवं गुड आदि खाद्य सामग्री खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया गया। कुलपति ने गोवर के उचित प्रबंधन के लिए गौ काष्ट तथा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण शुभारंभ किया। तथा केंचुओं से बनी वर्मी कम्पोस्ट के चेम्बरो मे केंचुए छोड़े । जिसकी सहयता से गोबर को वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य जैविक खादे तैयार कर लोगो को जागरुकता करना है। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता, डॉ. वी. के. त्रिपाठी, डॉ. कौशल किशोर, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विजय कुमार यादव, डा. महक सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व शिक्षक भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

महानगर/ वर्ष-6/ अंक : 1151/ पृष्ठ-08/ मूल्य : एक रुपये

सच की अहमियत

RNI/NO/UPHIN49792/16/4/2021

हर सवेरा नया जोश

गोपाष्टमी पर सीएसए में गौपूजन, गोबर से जैविक खाद बनाने की पहल शुरू

सच की अहमियत



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में गोपाष्टमी के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग की दुग्धशाला में गौपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने विधि-विधान से गौपूजन कर गायों को तिलक लगाया और हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया।

इस अवसर पर कुलपति ने गोबर के बेहतर उपयोग और प्रबंधन के लिए गौकाष्ठ एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए बनाए गए चैंबरों में केंचुए भी छोड़े। इस पहल का उद्देश्य गोबर से जैविक खाद तैयार करने के साथ किसानों और आम लोगों को इसके वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता ने की। इस दौरान निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी, अधिष्ठाता कृषि डॉ. कौशल किशोर, डॉ. अरुण कुमार, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. विजय कुमार यादव और निदेशक शोध डॉ. महक सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। विभागीय कर्मचारी और विद्यार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के माध्यम से गौसंरक्षण, वैज्ञानिक पशुपालन, जैविक खेती और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग का संदेश दिया गया।

हिंदुस्तान 18/11/2026



गोपाष्टमी पर सीएसए विवि में हुआ गोपूजन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि(सीएसए) के पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग की दुग्धशाला में गोपूजन का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने अधिकारियों के साथ विधि-विधान से गोपूजन किया। इस मौके पर निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी, डीन कृषि डॉ. कौशल किशोर, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. महक सिंह आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 18/11/2026

सीएसए में मनाई गई गोपाष्टमी:

सीएसए के पशुपालन एवं डेयरी विज्ञान विभाग की दुग्धशाला में गोपाष्टमी का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने अधिकारियों के साथ गौपूजन किया। इस मौके पर डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. कौशल किशोर, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. महक सिंह आदि मौजूद रहे।